Need to provide funds for the construction of road from Gulabganj to Mount Abu under Central Road Fund-laid

श्री लुम्बा राम (जालौर) : राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित अरावली की पहाडियों की सबसे ऊँची चोटी पर बसे माउंट आबू की भौगोलिक स्थित और वातावरण राजस्थान के अन्य शहरों से भिन्न व मनोरम है । माउंट आबू हिन्दू और जैन धर्म का प्रमुख तीर्थस्थल है । यहां का ऐतिहासिक मंदिर और प्राकृतिक खूबसूरती सैलानियों को अपनी ओर खींचती है । यहॉ पर प्रत्येक वर्ष लाखो पर्यटक देश और विदेश से आते है । 2) गुलाबगंज से माउट आबू यह 25 साल पुराना मार्ग है । पुराने समय पर से ही लोग गुलाबगंज से माउट आबू के रास्ते पहाडी पर पैदल चढाई करते है । यहॉ वाहनो का आवागमन नही होता है । जबकि 1990 में करीब 6 कि0 मी0 तक ग्रेवल सडक भी बनी हैं । वर्तमान में माउट आबू आने के लिए तलेटी से एक मात्र सडक मार्ग है । भारी बारिश के समय यह मार्ग बंद हो जाता है । इस मार्ग के बंद हो जाने पर माउट आबू जाने के लिए अन्य कोई विकल्प नही है । यहॉ के नागरिको की समस्या को देखते हुए गुलाबगंज से माउट आबू के लिए 23 कि0 मी0 लम्बी वैकल्पिक मार्ग का निमार्ण केन्द्रिय सडक निधि से करवाने श्रम करावे ।